ई-पाठशाला कार्यक्रम

# लोकतांत्रिक अधिकार

CLASS 9th

POLITY



RAPID REVISION

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सीमा
2) विरमा



## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. लोकतंत्र में अधिकारों का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(अ) सरकार की शक्ति बढ़ाना

(ब) नागरिकों की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना

(स) चुनाव समाप्त करना

(द) नागरिकों पर प्रतिबंध लगाना

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) फूलचंद
2) पवन

2. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का उल्लेख किस भाग में किया गया है?

अ भाग I
ब भाग II
स भाग III
द भाग IV

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सौमा
2) संतोष

3. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद कानून के समक्ष समानता प्रदान करता है?

अ अनुच्छेद 14

ब अनुच्छेद 17

स अनुच्छेद 19

द अनुच्छेद 21

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सोना

2) वरुण

4. अस्पृश्यता (छुआछूत) का अंत किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

अ अनुच्छेद 15

ब अनुच्छेद 17

स अनुच्छेद 18

द अनुच्छेद 22

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) फूलचंद

2) वरुण

5. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वतंत्रता के अधिकार में शामिल है?

- (अ) बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- (ब) किसी का शोषण करना
- (स) छुआछूत का पालन करना
- (द) जबरन मजदूरी करवाना

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) लाडदेवी
2) फूलचंद

6. मानव तस्करी और बेगार पर प्रतिबंध किस अधिकार के अंतर्गत आता है?

(अ) समानता का अधिकार
(ब) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(स) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(द) सांस्कृतिक अधिकार



# लोकतांत्रिक अधिकार

1) महावीर

4. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 24 किससे संबंधित है?

(अ) धार्मिक स्वतंत्रता

(ब) शिक्षा का अधिकार

(स) संपत्ति का अधिकार

(द) 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानों, खानों और अन्य खतरनाक कामों में नियोजित करने पर प्रतिबंध

# लोकतांत्रिक अधिकार

(1) फूलचंद

8. भारत में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार मुख्य रूप से किन अनुच्छेदों में दिया गया है?

(अ) अनुच्छेद 14–18

(ब) अनुच्छेद 19–22

(स) अनुच्छेद 23–24

(द) अनुच्छेद 25–28

# लोकतांत्रिक अधिकार

(1) लाद देवी / सोमा

9. सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार मुख्य रूप से किसकी संस्कृति की रक्षा करते हैं?

अ केवल बहुसंख्यक समुदाय की

ब धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों की

स केवल सरकारी कर्मचारियों की

द केवल विदेशी नागरिकों की

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) फूलचंद

10. संवैधानिक उपचारों का अधिकार किस अनुच्छेद में दिया गया है?

अ अनुच्छेद 19

ब अनुच्छेद 21

स अनुच्छेद 32

द अनुच्छेद 44

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) फूलचंद

11. डॉ. भीमराव अंबेडकर ने किस अधिकार को संविधान की 'आत्मा और हृदय' कहा था?

अ समानता का अधिकार

ब संवैधानिक उपचारों का अधिकार

स धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

द शिक्षा का अधिकार

# लोकतांत्रिक अधिकार

① वरुण

12. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्तमान में मौलिक अधिकार नहीं है?

अ समानता का अधिकार

ब स्वतंत्रता का अधिकार

स संपत्ति का अधिकार

द शोषण के विरुद्ध अधिकार

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सोमा

13. 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार किस अनुच्छेद में है?

अ अनुच्छेद 19

ब अनुच्छेद 21A

स अनुच्छेद 25

द अनुच्छेद 29

# लोकतांत्रिक अधिकार

(1) फूलचंद

14. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

अ 1950

ब 1976

स 1993

द 2005

12 Oct

# लोकतांत्रिक अधिकार

15. नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय क्या जारी कर सकता है?

(अ) मुद्रा

(ब) रिट (Writ)

(स) चुनाव घोषणा-पत्र

(द) अध्यादेश

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) लव देवी

16. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा कब अपनाई गई थी?

अ 15 अगस्त 1947

ब 10 दिसंबर 1948

स 26 जनवरी 1950

द 2 अक्टूबर 1952

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सोमा

17. किसी गिरफ्तार व्यक्ति को सामान्यतः कितने समय के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए?

(अ) 12 घंटे

(ब) 24 घंटे

(स) 48 घंटे

(द) 72 घंटे

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) सोमा

18. निम्नलिखित में से कौन-सा समानता के अधिकार का उल्लंघन है?

अ सभी को समान कानूनी संरक्षण देना

ब सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर देना

स सभी नागरिकों को समान सम्मान देना

द जाति के आधार पर किसी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान में प्रवेश से रोकना

# लोकतांत्रिक अधिकार

① फूलचंद

19. सऊदी अरब में महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर ऐतिहासिक प्रतिबंधों का उदाहरण मुख्यतः किस बात को दर्शाता है?

अ सभी देशों में अधिकार समान हैं

ब राजनीतिक अधिकारों का अभाव या सीमाएँ

स सभी नागरिकों को पूर्ण समानता प्राप्त है

द वहाँ चुनाव नहीं हो सकते

# लोकतांत्रिक अधिकार

1) फूलचन्द

20. ग्वांतानामो बे के बंदियों का उदाहरण किस समस्या को उजागर करता है?

(अ) कृषि संकट

(ब) व्यापारिक असमानता

(स) मानवाधिकारों और कानूनी संरक्षण का उल्लंघन

(द) शिक्षा का विस्तार

# लोकतांत्रिक अधिकार

## अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्र. अधिकार किसे कहते हैं?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : अधिकार व्यक्ति के वे उचित दावे हैं, जिन्हें समाज मान्यता देता है और कानून संरक्षण प्रदान करता है। ये व्यक्ति को सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा के साथ जीवन जीने में सहायता करते हैं।

# लोकतांत्रिक अधिकार

2. मौलिक अधिकार कितने हैं? उनके नाम लिखिए।

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : भारतीय संविधान में छह मौलिक अधिकार हैं—

1. समानता का अधिकार
2. स्वतंत्रता का अधिकार
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
5. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

# लोकतांत्रिक अधिकार

3. लोकतंत्र में अधिकार क्यों आवश्यक हैं?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : लोकतंत्र में अधिकार नागरिकों की स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की रक्षा करते हैं। ये सरकार की मनमानी रोकते हैं और नागरिकों को अन्याय तथा शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर देते हैं।

# लोकतांत्रिक अधिकार

4. समानता के अधिकार का क्या अर्थ है?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : समानता के अधिकार का अर्थ है कि सभी व्यक्ति कानून के समक्ष समान हैं। धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान आदि के आधार पर निषिद्ध भेदभाव नहीं किया जा सकता।

# लोकतांत्रिक अधिकार

5. धर्मनिरपेक्ष राज्य किसे कहते हैं?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : धर्मनिरपेक्ष राज्य वह है जिसका अपना कोई राजकीय धर्म नहीं होता। भारत में सभी धर्मों को समान संवैधानिक सम्मान और धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की गई है।

# लोकतांत्रिक अधिकार

6. जनहित याचिका (PIL) क्या है?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : जनहित याचिका वह कानूनी प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई व्यक्ति या संगठन सार्वजनिक हित से जुड़े मामले में न्यायालय से न्याय की माँग कर सकता है।

# लोकतांत्रिक अधिकार

7. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार क्या है?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी भी व्यक्ति को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अतिरिक्त उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता।

# लोकतांत्रिक अधिकार

8. मानवाधिकार किसे कहते हैं?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : मानवाधिकार वे बुनियादी अधिकार हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को केवल मनुष्य होने के नाते प्राप्त होते हैं। इनमें जीवन, स्वतंत्रता, समानता और मानवीय गरिमा जैसे अधिकार शामिल हैं।

# लोकतांत्रिक अधिकार

9. अधिकारों का विस्तार किस प्रकार हुआ है?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : समय के साथ नए अधिकारों को कानूनी और संवैधानिक मान्यता मिली है। उदाहरण के लिए, शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार बना और न्यायिक व्याख्याओं से जीवन के अधिकार का दायरा बढ़ा है।

# लोकतांत्रिक अधिकार

10. कोसोवो में अल्बानियाई लोगों के साथ क्या हुआ था?

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : कोसोवो में सर्ब नेतृत्व के शासन के दौरान अल्बानियाई समुदाय को जातीय उत्पीड़न, हिंसा और विस्थापन का सामना करना पड़ा। यह मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का उदाहरण है।

# लोकतांत्रिक अधिकार

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. भारतीय संविधान में दिए गए स्वतंत्रता के अधिकार की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : भारतीय संविधान नागरिकों को विभिन्न प्रकार की स्वतंत्रताएँ प्रदान करता है। इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:
2. शांतिपूर्ण सभा की स्वतंत्रता:
3. संगठन बनाने की स्वतंत्रता
4. आवागमन की स्वतंत्रता:
5. निवास की स्वतंत्रता:
6. व्यवसाय की स्वतंत्रता:

# लोकतांत्रिक अधिकार

2. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना क्यों की गई? इसके प्रमुख कार्य लिखिए।

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं–

1. मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों की जाँच करना।
2. मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करना।
3. जेलों और निरोध संस्थानों की परिस्थितियों का अध्ययन करना।
4. मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना।
5. मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सरकार को सुझाव देना।

# लोकतांत्रिक अधिकार

3. संवैधानिक उपचारों का अधिकार मौलिक अधिकारों की रक्षा कैसे करता है? समझाइए।

# लोकतांत्रिक अधिकार

उत्तर : संवैधानिक उपचारों का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 में दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है, तो वह सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है। उच्च न्यायालय भी अनुच्छेद 226 के अंतर्गत अधिकारों की रक्षा के लिए रिट जारी कर सकते हैं।

# लोकतांत्रिक अधिकार

न्यायालय पाँच प्रकार की प्रमुख रिट जारी कर सकते हैं–

1. बंदी प्रत्यक्षीकरण : अवैध हिरासत से सुरक्षा।
2. परमादेश : सार्वजनिक अधिकारी को कानूनी कर्तव्य पूरा करने का आदेश।
3. प्रतिषेध : अधीनस्थ न्यायालय को अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य करने से रोकना।
4. उत्प्रेषण : अधीनस्थ न्यायालय या अधिकरण के आदेश को निरस्त करना।

# लोकतांत्रिक अधिकार

5. अधिकार पृच्छा : किसी व्यक्ति से सार्वजनिक पद धारण करने का कानूनी अधिकार पूछना।